भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-328

उत्तर दिनांक 06/02/2025 को दिया गया

परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा

328# श्री भट्टाचार्जी राजीब

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सच है कि परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के भारतीय बेड़े का विश्व में सुरक्षा संबंधी सर्वोत्तम रिकार्ड है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) हां। भारतीय नाभिकीय विद्युत संयंत्रों का एक त्रुटिहीन संरक्षा रिकॉर्ड है।

(ख) भारत, वर्ष 1969 से नाभिकीय विद्युत संयंत्रों का प्रचालन कर रहा है और पिछले 55 वर्षों में, सार्वजनिक क्षेत्र में किसी नाभिकीय घटना या निर्धारित सीमा से अधिक रेडियोसक्रियता के निस्सरण की कोई घटना सामने नहीं आयी है।

स्वतंत्र पर्यावरणीय सर्वेक्षण प्रयोगशालाओं (ईएसएल) द्वारा प्रत्येक नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थल पर मौजूद हवा, पानी और खाद्यान्न (अनाज, दूध, सब्जियां, मछली) आदि जैसे पर्यावरणीय मापदंडों का उनमें रेडियोसक्रियता की मात्रा का पता लगाने के लिए विश्लेषण किया गया और जनता में विकिरण डोज़ की गणना की गई। उनमें परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) द्वारा निर्धारित अनुमेय डोज सीमा का एक अंशमात्र ही पाया गया है।

*****